प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 07.08.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज जांजगीर—चांपा जिले में हुई अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आज प्रदेश में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम।
- मौसम विभाग के अनुसार बारह अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना।

प्रधानमंत्री—अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है।

हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों के, पशुपालकों के और मछुआरे भाई—बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।

श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया।

उपराष्ट्रपति—नामांकन

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इक्कीस अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि पच्चीस अगस्त है। मतदान नौ सितंबर को होगा।

पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हो गया है।

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण—बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज जांजगीर—चांपा जिले में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मौके पर अनुसूचित जाति वर्ग के हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री—कर्मयोगी अभियान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रदेश में एक लाख बत्तीस हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात उन्होंने कल मंत्रालय में इस अभियान की समीक्षा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी अधोसंरचना और सुविधाओं में जो अंतर बना हुआ है, उसकी पहचान कर आगामी दो अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में इस विषय पर विशेष चर्चा की जाए।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को प्रोत्साहित करेगी। इस योजना के तहत रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

आज ग्यारहवां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज नई दिल्ली में संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए "वोकल फॉर लोकल" के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समय हमारे पारंपरिक उत्पादों और हुनर को प्रोत्साहन देने का है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज रायपुर में छत्तीसगढ़ बुनकर समाज के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बुनकरों की समृद्धि, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास कर रही है।

आज भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड में स्थित बजावंन गांव में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल थे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बुनकरों को सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बुनकरों के लिए नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।

हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के बकावंड, लोहंडीगुड़ा, जगदलपुर, दरभा, तोकापाल, बस्तर और बास्तानार में बिहान समूह की दीदियों द्वारा तिरंगा फहराया गया। इसमूह की दीदियों ने हर घर तिरंगा अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

इस अभियान के तहत बिलासपुर में बिहान स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र का आयोजन किया गया है। इस विशेष बाजार में तिरंगा, राखियां, तिरंगा जैकेट सहित अन्य सामग्री की बिक्री की जा रही है।

वहीं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवानों ने कल भिलाई से रायपुर तक तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान जवान मोटरसाइकिल में तिरंगा लेकर निकले।

भिलाई–संवाद सत्र

भारत सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा आज भिलाई में व्यापारियों और उद्योगपतियों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं और शिकायतों के निवारण के लिए संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यापार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल ऑफ टैक्स पेयर सर्विसेज–डीजीटीएस के महानिदेशक महेश कुमार रुस्तगी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य जीएसटी को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाना है।

कार्यक्रम को भिलाई स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक चित्त रंजन महापात्र और डीजीटीएस की संयुक्त निदेशक चंचल तिवारी ने भी संबोधित किया।

कांग्रेस–प्रदर्शन

राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने आज सभी जिला मुख्यालयों में विद्युत मंडल के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बूढ़ापारा स्थित बिजली ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया।

वहीं, बिलासपुर जिले के तिफरा स्थित विद्युत मंडल कार्यालय का कांग्रेस नेताओं ने घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारी कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली की दरों में हुई वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना में बदलाव करने लोगों को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

एनटीपीसी–हादसा

बिलासपुर जिले के सीपत स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी प्लांट में कल हुए हादसे में मृतकों की संख्या दो हो गई है। गंभीर रूप से घायल दूसरे श्रमिक की बीती रात अपोलो अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजन को संविदा में रोजगार देने और मुआवजा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है।

सीपत के थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि कल एनटीपीसी प्लांट में प्लेट टूटने से भारी भरकम कूपर श्रमिकों के ऊपर गिर गया था। इस हादसे में पांच श्रमिक घायल हो गए थे, जिनमें से दो की मृत्यु हो गई है।

शोएब ढेबर–प्रतिबंध

रायपुर केंद्रीय जेल द्वारा शोएब ढेबर को किसी भी बंदी से मुलाकात करने पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। शोएब ढेबर द्वारा जेल अधिकारियों की अनुमति के बिना जबरदस्ती मुलाकात कक्ष में प्रवेश कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में यह प्रतिबंध लगाया गया है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आगामी बारह अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कल से अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

- केन्द्र सरकार ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे जागरुकता बढ़ाने से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतियोगिता, 'मेरा युवा भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है और नागरिक, माय भारत पोर्टल पर क्विज में भाग ले सकते हैं।
- बीजापुर जिले में पेद्दापाल और हिरमागुंडा के जंगल से सुरक्षा बलों ने एक माओवादी जनमिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। इस पर तीन लाख रूपये का इनाम घोषित था।
- महासमुंद जिले में किसानों की सिंचाई की आवश्यकता को देखते हुए कोडार जलाशय से पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।
- रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत भिलाई स्थित खुर्सीपार रेलवे समपार फाटक
- में आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस वजह से आठ अगस्त सुबह आठ बजे से तेरह अगस्त सुबह आठ बजे तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।